**NEWS CLIPPING: 04.03.2021**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए की छात्राएं आत्मरक्षा के गुर सीखेंगी

**समझौता**

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में बढ़ने वाली छात्राओं को सुरक्षा के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए संस्थान ने बुधवार को हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन (एचकेए) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

योजना के तहत एसोसिएशन की ओर से सत्र 2021-22 से छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और एसोसिएशन के महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। मौके पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनुराधा पिल्लई, और निदेशक इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली भी मौजूद रहे।



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस विश्वविद्यालय ने छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण को लेकर हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के साथ समझौता किया। ● हिन्दुस्तान

**आत्मनिर्भर बनेंगी छात्राएं:** कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कौशल को आवश्यक बताते हुए कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना कर सकें। यह छात्रों को उनके आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को बढ़ाने में मदद करेगा। इसके अलावा, किकबॉक्सिंग एक मान्यता प्राप्त खेल है और छात्र इसमें अपना करियर भी बना सकते हैं। इस दौरान एचकेए के महासचिव संतोष कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य छात्राओं के बीच किक बॉक्सिंग को बढ़ावा देना है। एसोसिएशन छात्राओं के लिए 40 घंटे का व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा।

**NEWS CLIPPING: 04.03.2021**

**SATYAJAY TIMES**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय छात्राओं को देगा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**बल्लभगढ़, 03 मार्च, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद आज हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन (एचकेए) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एसोसिएशन सत्र 2021-22 से छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करेगा।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और एसोसिएशन के महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनुराधा पिल्लई, और निदेशक इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली भी मौजूद थीं। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कौशल को आवश्यक बताते हुए कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का शारीरिक और मानसिक रूप से आत्म निर्भर बनाना है ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना कर सकें। यह छात्रों को उनके आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को बढ़ाने में मदद करेगा। इसके अलावा, किकबॉक्सिंग एक मान्यता प्राप्त खेल है और छात्र इसमें अपना करियर भी बना सकते हैं।



कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौता हस्तांतरित करते हुए कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग तथा हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल।
छाया : सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

एचकेए के महासचिव संतोष कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य छात्राओं के बीच किक बॉक्सिंग को बढ़ावा देना है। एसोसिएशन छात्राओं के लिए 40 घंटे का व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं के प्रदर्शन का मूल्यांकन परीक्षा के आधार पर भी किया जाएगा।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अलावा एसोसिएशन की विश्व-विद्यालय में राज्य और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट या शिविर आयोजित करने की योजना है ताकि इस खेल में छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने एसोसिएशन को आश्वस्त किया है कि खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एसोसिएशन की हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा।

**NEWS CLIPPING: 04.03.2021**

**PUNJAB KESARI**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय छात्राओं को देगा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

## हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के साथ किया समझौता



*कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौता हस्तांतरित करते हुए कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग तथा हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल।*

फरीदाबाद, 3 मार्च (पूजा शर्मा): छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद आज हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन (एचकेए) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

एसोसिएशन सत्र 2021-22 से छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और एसोसिएशन के महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनुराधा पिल्लई, और निदेशक इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली भी मौजूद थीं। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कौशल को आवश्यक बताते हुए कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का शारीरिक और मानसिक रूप से आत्म निर्भर बनाना है ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना कर सकें। यह छात्रों को उनके आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को बढ़ाने में मदद करेगा। इसके अलावा, किक बॉक्सिंग एक मान्यता प्राप्त खेल है और छात्र इसमें अपना करियर भी बना सकते हैं।

**NEWS CLIPPING: 04.03.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# छात्राओं को दिया जाएगा किक बॉक्सिंग का प्रशिक्षण

**वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबादः** छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने बुधवार हरियाणा किक बॉक्सिंग असोसिएशन (एचकेए) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। असोसिएशन सत्र 2021-22 से छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और असोसिएशन के महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कौशल को आवश्यक बताते हुए कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का शारीरिक और मानसिक रूप से आत्म निर्भर बनाना है।

**NEWS CLIPPING: 04.03.2021**

**AMAR UJALA**

# छात्राओं को विवि देगा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) ने किक बॉक्सिंग एसोसिएशन (एचकेए) के साथ करार किया है। इसके तहत एसोसिएशन सत्र 2021-22 से छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएगा।

विवि के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और एसोसिएशन के महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कौशल को जरूरी माना है। उन्होंने कहा कि विवि छात्राओं का शारीरिक और मानसिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना के लिए प्रयासरत है।

एचकेए के महासचिव संतोष कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य छात्राओं के बीच किक बॉक्सिंग को बढ़ावा देना है। एसोसिएशन छात्राओं के लिए 40 घंटे का व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं के प्रदर्शन का मूल्यांकन परीक्षा के आधार पर भी किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 04.03.2021**

**DAINIK BHASKAR**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय छात्राओं को देगा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

फरीदाबा| छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने बुधवार को हरियाणा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन (एचकेए) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एसोसिएशन सत्र 2021-22 से छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और एसोसिएशन के महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए।